हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026

04 बदबू से परेशान लोगों का चक्काजाम



07 वार्षिक राजस्व लक्ष्य के लिए हर संभव पूर्ति करना...






## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** फरवरी माह और आगामी माह में आने वाले पर्वों / त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक 18 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी।

### विधिक सहायता शिविर का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम द्वारा ग्राम स्तरीय विधिक जागरूकता के उद्देश्य से रायपुर ग्राम पंचायत में 17 फरवरी 2026 को एक दिवसीय विधिक सहायता शिविर का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज एवं विभागाध्यक्ष शिवाकांत मौर्य के मार्गदर्शन में संपन्न इस शिविर की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव लालता मालवीय ने की। शिविर में महिला अधिकार, यातायात नियम, मानव एवं मौलिक अधिकार, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल लत तथा साइबर सुरक्षा जैसे समकालीन विषयों पर प्रभावी व्याख्यान दिए गए।

## नर्मदापुरम में आम बजट को लेकर उम्मीदें बढ़ीं

# लोगों को आस: क्या आम बजट नर्मदापुरम के लिए उम्मीदों की नई रोशनी लाएगा

प्रदेश सरकार के इस आम बजट ने नर्मदापुरम के नागरिकों में उम्मीदों की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि बजट में पर्यावरण संरक्षण, किसान कल्याण, बेहतर सड़कें, कानून व्यवस्था और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रीय सुधार ठोस रूप में लागू किए गया तो बेहतर होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रदेश सरकार का यह आम बजट यदि नर्मदापुरम के लिए पर्यावरण संरक्षण, किसान कल्याण, बेहतर सड़कें, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रावधान करता है, तो यह केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विश्वास का नया अध्याय साबित होगा।

जनता को अब घोषणाओं से आगे बढ़कर क्रियान्वयन की प्रतीक्षा है,क्योंकि विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ हर घर तक पहुंचे। मप्र सरकार के आम बजट को लेकर जब नर्मदापुरम के नागरिकों से प्रतिक्रिया ली तो उनका मानना है कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और भविष्य की दिशा तय करने वाला संकल्प पत्र साबित हो। जिले के लिए यह बजट कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आमजन, किसान, व्यापारी, अधिवक्ता और युवा सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार की घोषणाएं धरातल पर किस तरह आकार लेगी। इस आम बजट से नर्मदापुरम जिले को क्या सौगात मिलेगी।

### प्रतिक्रिया

अधिवक्ता तरूण पांडे का कहना है कि प्रदेश सरकार का आम बजट बुधवार को पेश होगा। यह आम बजट नर्मदापुरम जिले को ओर बेहतर कानून व्यवस्था व यातायात से संबंधित नई सौगात दे। वकील होने के नाते में देख रहा है कि जिले हत्या के मामले और सड़क हादसों की संख्या में इजाफा हुआ।

एसएमव्ही कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ओएन चौबे ने बताया कि सरकार विकास की बात कर रही है नर्मदा नदी पर ट्रीटमेंट प्लांट बन रह वह आवश्यक है। इसके अलावा सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी आदमी तक पहुंचे।

राकेश गौर किसान ने बताया कि किसान बेहद परेशान है सरकार किसानों के आर्थिक पैकेज दे। मक्के के दाम बेहद कम चल रहे जिसके कारण किसान हताश है। किसान समाज में बेहद निराशा है। ग्रामीण सड़कों के फंड की व्यवस्था रोजगार गारंटी से हटकर हो। ठेकों की सड़कों को बहुत असुविधा होती है। खाद की पर्याप्त व्यस्था हो, चना पंजीयन चालू नहीं हुए जिससे चना उत्पादक किसानों में निराशा है।

समाजसेवी नीरजा फौजदार का कहना है कि पहले से ही केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं की हितैषी है। मप्र सरकार लाड़ली बहना योजना का लाभ भी बहनों को दे रही है। इसके अलावा भी अन्य योजनाएं महिलाओं के लिए संचालित है। युवाओं के लिए भी सरकार ने कई योजनाएं चलाई है।

### मां नर्मदा की अविरलता और निर्मलता पर विशेष ध्यान

आस्था और जीवनधारा का प्रतीक मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि पूरे नर्मदांचल की पहचान है। बजट से अपेक्षा है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नालों के डायवर्जन और घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए ठोस वित्तीय प्रावधान किए जाएं। यदि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट शीघ्र पूरा होता है तो मां नर्मदा को प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी और यह पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा।

### किसान हितों की मजबूती

मक्का और चना उत्पादक किसानों की चिंता आज सबसे बड़ी है। समर्थन मूल्य, पंजीयन व्यवस्था, खाद-बीज की उपलब्धता और संभावित आर्थिक पैकेज ये सभी बिंदु इस बजट की कसौटी होना चाहिए। यदि सरकार किसानों को विशेष राहत पैकेज, ब्याज में छूट या बोनस जैसी घोषणाएं देती है तो यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेगा। ग्रामीण सड़कों के लिए पृथक फंड, गुणवत्ता नियंत्रण और जीरामजी योजना से हटकर स्थायी संसाधनों की व्यवस्था ये विकास की रीढ़ साबित होंगे।

### सुरक्षित समाज का भरोसा

बढ़ते अपराध और सड़क हादसों की पृष्ठभूमि में बजट से उम्मीद है कि अतिरिक्त पुलिस बल, साइबर सेल का अधिक विस्तार, आधुनिक ट्रैफिक सिस्टम ,सड़क संसाधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

### अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ

सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे यही सच्चे विकास की पहचान है। पारदर्शिता, डिजिटल मॉनिटरिंग और सामाजिक जवाबदेही को मजबूत करना इस बजट की बड़ी उपलब्धि हो सकती है।

# संचालिका व प्रतिनिधि पर एफआईआर आवेदन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

माखननगर के चीलाचोन स्थित एकलव्य वेयरहाउस में हजारों क्विंटल मूंग गायब होने का मामला अब बड़े घोटाले की शक्ल लेता दिख रहा है। मंगलवार की शाम अधिकारियों ने माखननगर थाने पहुंचकर लिखित आवेदन टीआई अनूप उइके को सौंपा और मामला दर्ज करने की बात कही। वहीं पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने जिक्र किया कि गोदाम में 10,000 बोरे मूंग गायब और ताले बदले गए। यह आवेदन मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन शाखा माखननगर के प्रबंधक हेमंत चंदेल ने माखननगर टीआई को दिया जिसमें जिक्र किया कि। एकलव्य एग्रो केयर एण्ड वेयरहाउस में 62,694 बोरे मूंग भंडारित थे, लेकिन निरीक्षण में लगभग 10,200-10,300 बोरे गायब पाए गए। कुछ बोरियों में छेड़छाड़ कर अमानक स्कंध मिलाई गई हैं। उन्होंने संचालिका और प्रतिनिधि पर चोरी और खयानत का आरोप लगाया। जांच में पाया गया कि गोदाम के ताले बदले गए, सीसीटीवी कैमरे बंद थे और चौकीदार अनुपस्थित था। गोदाम संचालिका आरती तोमर और उनके प्रतिनिधि अमित तोमर व चौकीदार अमन कौल पर सरकारी संपत्ति में हेरा-फेरी और अमानत में खयानत का गंभीर आरोप लगाया है।

वहीं टी आई अनूप उइके बताया कि वेयर हाउस में मूंग गायब होने पर प्राथमिकी दर्ज करने का मामला आया है। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि इस गंभीर अनियमितता का खुलासा खबर के माध्यम से 14 फरवरी को हरिभूमि ने किया था। जिसके बाद प्रशासन पर दबाव बढ़ा। सोमवार को वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स के रीजनल मैनेजर अतुल सोरठे, जिला नायब तहसीलदार अंकित मौर्य, जिला प्रबंधक वासुदेव धवंडे सहित अन्य वेयर हाउस पहुंचे थे। प्राथमिकी दर्ज करने दिए पत्र में करीब 4 करोड़ 35 लाख 5 हजार 550 रूपए की राशि की हेराफैरी का आरोप संचालिका, प्रतिनिधि व अधिनस्थ पर लगाया है।

# आनंद मेले के साथ हुआ वार्षिकोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

होम साइंस कॉलेज में मंगलवार को वार्षिकोत्सव सृजन का उद्घाटन आनंद मेले के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव सृजन के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रथम दिवस आनंद मेला एवं खेल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। पारंपरिक खेलों में चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, पिट्ठू, बोरा दौड़, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, रस्सी खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष में पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद मेला से शुभारंभ किए गए कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी पाक कला के साथ-साथ स्वच्छता, सजावट एवं लागत से आय प्राप्त करने का हुनर सीखने का प्रयास किया है। खेलों में छात्राएं पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रही है।

# कांग्रेस नेताओं ने बस स्टैंड सुधार पर की बैठक, प्रशासन से समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को लेकर आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय और नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बस मालिकों एवं बस एजेंटों के साथ बैठक कर चर्चा की।

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने शहर के व्यापारियों, छात्रों और आम जनता को हो रही परेशानियों से बस मालिकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बसों के अनियमित ठहराव और अव्यवस्था के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर बस मालिकों और एजेंटों ने आश्वासन दिया कि यदि 10 मिनट का निर्धारित स्टॉपेज तय किया जाता है तो वे सभी उसका पालन करने के लिए सहमत हैं।



नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बस स्टैंड पर नगर पालिका की ओर से सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बस संचालकों को बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही एसडीएम महोदय एवं आरटीओ अधिकारी से चर्चा कर उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा, ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।, इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओम सेन, अतुल तिवारी, सोनू बकोरिया, पिंकी शर्मा, जिला प्रवक्ता अनिल रेक्रवार, अनूप गाचले,, मनीष सोनी राजेंद्र गोस्वामी, बबलू बस्तार्वर,, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर सद्वारा 76 आवेदनकर्ताओं की समस्या का किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। गत सप्ताहों में प्राप्त हुई शिकायतों के निराकरण में जिला प्रशासन द्वारा उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए 81 समस्याओं का निराकरण किया गया। उक्त समस्याओं में विभिन्न प्रकार की समस्या जैसे राशि भुगतान, शासकीय योजनाओं का लाभ, अवैध अतिक्रमण सहित अन्य समस्याएं सम्मिलित रही। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार अधिकारियों द्वारा समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उनका निराकरण। समस्याओं का निराकरण होने के पश्चात संबंधित आवेदनकर्ताओं ने बताया कि किस प्रकार प्रशासनिक



अधिकारियों एवं संबंधित विभागों द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें राहत पहुंचाई।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित निराकरण प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम तारारोड़ा के एक युवक द्वारा जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि एक नशा मुक्ति केंद्र द्वारा उससे 21 हजार रुपए की राशि जमा कराई जा रही है, जबकि निर्धारित राशि 12 हजार रुपए है। आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा संबंधित नशा मुक्ति संस्था से प्रकरण की जांच कराई गई। जांच उपरांत संस्था को निर्देशित किया गया कि युवक से 21 हजार रुपए के स्थान पर 12 हजार रुपए ही लिए जाएं। प्रशासन की पहल पर राशि संशोधित कराई गई तथा युवक को विधिवत डिस्चार्ज भी कराया गया।

# जिले में अवैध रेत माफियाओं पर बड़ी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 16 और 17 फरवरी 2026 को अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 6 वाहनों को जब्त किया। इटारसी क्षेत्र में एक डंपर को ओवरलोड रेत परिवहन करते पकड़ा गया, जिसे मंडी प्रांगण इटारसी में खड़ा कराया गया। वहीं पिपरिया में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रेत परिवहन करते जब्त कर थाना मंगलवारा में सुरक्षार्थ रखा गया।17 फरवरी को तहसील इटारसी में दो डंपर को ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया, जिन्हें थाना रामपुरा गुर्रा में खड़ा कराया गया। सिवनीमालवा क्षेत्र में भी दो एल.पी. वाहन ओवरलोड रेत ढोते पाए गए, जिन्हें थाना सिवनीमालवा में जब्त कर रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब्त वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक की साप्ताहिक जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

एसपी साई कृष्णा एस थोटा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, मारपीट तथा महिला संबंधी प्रकरण प्रमुख रहे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अनुविभागीय अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण, पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करना तथा पुलिस प्रशासन में विश्वास बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित की जाती है, जिससे जिलेभर के नागरिकों को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखने और समस्याओं के त्वरित समाधान का अवसर मिल सके।

### पुलिस ने किया चोरीकांड खुलासा, हाथरस के हैं आरोपी

**नर्मदापुरम।** पिपरिया पुलिस ने नर्मदापुरम के पर्रादेह ग्राम की महिला के साथ बस में हुई जेवरात चोरी के सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश करते हुए हाथरस उप्र के अंतरराज्यीय शातिर गिरोह को गिरफ्तार किया है। घटना 6 अगस्त 2025 की है, जब पिपरिया बस स्टैंड पर बस बदलने के दौरान एक महिला यात्री के बैग से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी से भरा पर्स पार कर दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साई कृष्णा एस थोटा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान हाथरस निवासी नंदकिशोर यादव, मेघसिंह और बाबी उर्फ देवेंद्र सिंह दर्जी के रूप में हुई। पुलिस ने दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी के जेवरात आगरा क्षेत्र के एक सुनार को बेचने की बात कबूली है।

## सैटेलाइट आधारित ईपीटीएस से होगी बंदियों की निगरानी

# केंद्रीय जेल बनी देश की पहली 'स्मार्ट जेल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सुरक्षा व्यवस्था में तकनीकी क्रांति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय जेल नर्मदापुरम ने देशभर में नई मिसाल कायम कर दी है। अब मेडिकल उपचार या कोर्ट पेशी पर ले जाए जाने वाले बंदियों की निगरानी जीपीएस आधारित ईपीटीएस के जरिए की जाएगी। करीब दो वर्षों की गहन तैयारी और परीक्षण के बाद यह अत्याधुनिक प्रणाली अब धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

### बंदियों पर रखेगा नजर

नर्मदापुरम की जेल में यह प्रयोग सफल रहा है। यह प्रयोग उन बंडिया पर किया गया है जिन्हें इलाज या पेशी पर ले जाया जाता है। अब प्रयोग



को प्रदेश की अन्य जेलों में अपनाया जा सकता है। जेल उप अधीक्षक हितेश बंदिया ने बताया कि पिछले दो वर्षों की मेहनत के बाद इस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को तैयार किया है। यह डिवाइस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए सैटेलाइट आधारित इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकिंग डिवाइस है। यह प्रणाली बंदियों की रियल-टाइम लोकेशन पर पैनी नजर रखती है, जिससे सुरक्षा में चूक की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

### नवाचार

इस नवाचार को जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी और सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। स्टाफ पर किए गए प्रायोगिक परीक्षण पूरी तरह सफल रहे, जिसमें ट्रैकिंग सिस्टम अत्यंत सटीक पाया गया। अब मेडिकल और कोर्ट पेशी पर ले जाए जाने वाले बंदियों पर इसका प्रायोगिक उपयोग शुरू कर दिया गया है। इस पहल के साथ केंद्रीय जेल नर्मदापुरम देश की पहली ऐसी जेल बन गई है, जहां सैटेलाइट आधारित इलेक्ट्रॉनिक निगरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की गई है।

### बच्चों को पिलाई जा रही विटामिन ए की खुराक

**नर्मदापुरम।** मंगलवार से दस्तक अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी टीकाकरण केंद्रों पर बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 19 मार्च तक चलेगा। इसके तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी तथा एनीमिक बच्चों की जांच, उपचार और फॉलोअप किया जाएगा। कुपोषित बच्चों को आवश्यकता अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया जाएगा। अभियान के पहले दिन 8,992 बच्चों को विटामिन ए और 4,678 बच्चों को आयरन घोल की खुराक दी गई। स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों की जांच कर रहे हैं।

# नपाध्यक्ष की निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत, गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में चहुंओर विकास कार्य चल रहे हैं। चौक-चौराहों के चौड़ीकरण के साथ ही वार्डों की सड़कों का भी निर्माण कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड 27 की पार्षद बिंदिया मांझी के वार्ड में बीटीआई क्षेत्र में कायाकल्प अभियान के तहत बनने वाली सड़क का का कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर उपयंत्री आयुषी रिछारिया, पार्षद बिंदिया मांझी, निर्माण एजेंसी के कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम पं. सौरभ थापक द्वारा संपन्न कराया गया। ध्यान रहे कि उक्त विकास कार्यों का भूमि पूजन अतिथिगणों द्वारा पूर्व में संपन्न किया जा चुका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली बार है कि बीटीआई क्षेत्र का नगरपालिका अध्यक्ष विशेष ध्यान रख रहीं हैं। बीटीआई क्षेत्र में नवीन सीसी रोडों, हाईमास्ट



लैंप, बिजली के पोल लगवाए जा रहे हैं। इस दौरान नपाध्यक्ष ने निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण के साथ ही समय सीमा में पूर्ण करें जिससे वार्डवासियों को जल्द से जल्द नई सड़क का लाभ मिल सके। इसी तरह वार्ड 30 में बन रही सीसी रोड का भी मंगलवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### डॉ.सर्वज्ञ एमडी मेडिसिन के लिए चयनित



बैतूल। नीट पीजी की थर्ड काउंसलिंग का परिणाम 16 फरवरी को आया है। जिसमें डॉ.सर्वज्ञ सिंह चौहान का चयन हुआ है। सर्वज्ञ ने आरडी गार्डी कॉलेज उज्जैन से एमबीबीएस किया है। सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त उपयंत्री विजय सिंह चौहान के पोते व सुभद्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉ.विनय सिंह चौहान के सुपुत्र सर्वज्ञ अब आगामी अध्ययन एमडी मेडिसिन डिग्री के लिए एलएन मेडिकल कॉलेज एंड जेके हॉस्पिटल भोपाल से करेंगे। जिसके पश्चात अपने गृह नगर बैतूल में ही अपनी सेवाएं देंगे। सर्वज्ञ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यात्म गुरु सुधांशु महाराज, माता-पिता और बड़े बुजुर्गों को दिया है। इनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, इष्ट मित्रों और चिकित्सकों ने बधाई प्रेषित की है।

### श्री शिव महापुराण कथा आज से आरंभ

शाहपुर। ग्राम भयावाड़ी में आज 18 फरवरी से शिव महापुराण कथा की शुरुआत की जायेगी। कथा आयोजिका गणेशी बाई द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में यह कथा कराई जा रही है। जिसमें कथा वाचक पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा सुनने का अवसर मिलेगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर आज 18 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। कथा का समापन 24 फरवरी मंगलवार को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ किया जायेगा। कथा में प्रतिदिन संस्कृत पाठ सुबह 7 बजे से 10 बजे तक होगा। कथा प्रवचन का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। आयोजक ने सभी कथा प्रेमी बंधुओं से कथा में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### गंगाबाई सोनी का देवलोक गमन श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



बैतूल। वीवीएम कॉलेज में पदस्थ सीनियर प्रोफेसर अनिल सोनी की वयोवृद्ध माताजी 88 वर्षीय गंगाबाई सोनी का विगत 5 फरवरी को निधन हो गया था, जिनकी आत्मा की शांति हेतु गंगाजली पूजन एवं श्रद्धांजलि (तेरहवीं) का कार्यक्रम आज बुधवार 18 फरवरी को दोपहर 1 बजे से उनके निज निवास चंद्रशेखर वार्ड,अभिषेक किराना स्टोर के पास सदर बैतूल में रखा गया। वे अपने पीछे दो पुत्र अरुण एवं अनिल सोनी तथा एक पुत्री कल्पना सहित नाती पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। प्रोफेसर अनिल सोनी ने सभी सामाजिक बंधुओं, इष्ट मित्रों से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करने का आग्रह किया है।

### कचरा वाहनों को ट्रेंचिंग ग्राउंड जाने से रोका, प्रशासन ने मांगा 15 दिन का समय

# बदबू से परेशान लोगों का चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गौठाना इलाके में ट्रेंचिंग ग्राउंड से उठ रही बदबू और दूषित पानी से परेशान रहवासियों ने कचरा फेंकने जा रहे वाहनों को रोककर चक्काजाम कर दिया है। लोगों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड जाने वाले रास्ते को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि जब तक कचरा पूरी तरह नहीं हटाया जाता और समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार, नपा सीएमओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाइश दी। लोगों का आरोप है कि पूरे शहर का कचरा गौठाना में डाला जा रहा है, जिससे लगातार बदबू फैल रही है और पानी दूषित हो गया है। कचरे में सड़ांध के कारण मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियां बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बदबू और दूषित हवा से बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत खराब हो रही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन को 15 दिनों में समस्या का समाधान नहीं होने पर दोबारा चक्काजाम किये जाने की चेतावनी दी है। लोगों की मांग है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरे की निकासी, बदबू और जल प्रदूषण की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। जब तक दूषित पानी की निकासी नहीं होती और कचरा नहीं हटता, वे पीछे नहीं हटेंगे। बता दे कि नगरपालिका का ट्रेंचिंग ग्राउंड रानीपुर रोड गौठाना में स्थित है। पहले यहां आसपास ज्यादा मकान नहीं थे, लेकिन अब आबादी बढ़ने के साथ-साथ मकानों का भी निर्माण हो गया है। ऐसे में हवा चलने पर ट्रेंचिंग ग्राउंड से उठने वाली दुर्गंध और कचरा उड़कर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। रहवासी बताते है कि कचरे की दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।

**पहले भी कई बार कर चुके है प्रदर्शन**

ट्रेंचिंग ग्राउंड को गौठाना से अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए पहले भी, कई बार लोग इसी तरह चक्काजाम कर चुके है, लेकिन अभी तक न तो ट्रेंचिंग ग्राउंड से पूरी तरह कचरा हटाया जा सका है और न ही ट्रेंचिंग ग्राउंड को शिफ्ट करने के लिए कोई ठोस प्लानिंग पर नगरपालिका ने काम किया है। ऐसे में वर्षों तक यह कचरा दबा होने और अब इसे हटाते ही तेज दुर्गंध उठ रही है। यहां तक कि कचरा हटाने के दौरान दुर्गंध को कम करने केमिकल्स भी नहीं डाला जा रहा है। लोगों ने बताया कि यहां रहने वाले परिवारों को दुर्गंध से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांधकर रहना पड़ता है। रात में सोना तक मुश्किल हो रहा है। लेकिन नगरपालिका लोगों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दे रही है। जिससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

**15 दिनों को अल्टीमेटम, समाधान नहीं होने पर फिर चक्काजाम**

रहवासियों ने चेतावनी दी है कि जब तक कचरा पूरी तरह नहीं हटाया जाता और समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि लोगों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा नहीं आना चाहिए। लोगों ने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इन 15 दिनों में उचित समाधान नहीं होने पर पुनः चक्काजाम की चेतावनी दी है। फिलहाल इस मामले को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखा गया है। जिसमें परिषद की बैठक बुलाकर उक्त मामले के संबंध में उचित निर्णय लिये जाने की बात कही है। गौरतलब रहे कि नगरपालिका ने कुछ साल पहले ग्राम कढ़ाई के पास ट्रेंचिंग ग्राउंड शिफ्ट करने की योजना बनाई थी, लेकिन यह योजना सफल नहीं हो पाई। यहां भी ट्रेंचिंग ग्राउंड शिफ्ट किये जाने को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई।

**प्रतिदिन निकलता है सैकड़ों टन कचरा**

नगरपालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित किया जाता है। एक अनुमान से शहर के 33 वार्डो से लगभग प्रतिदिन 30 से 40 टन कचरा निकल जाता है और इस कचरे को शहर के समीप स्थित गौठाना के ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा किया जाता है। वर्षों तक कचरा एकत्रित किये जाने से यहां कचरे का ढेर लग गया था। लोगों का कहना है कि पूरे शहर में बदबू को दूर करने के लिए कचरे और यहां तक की नालियों में भी बीएचसी यानी गैमेक्सीन का पाउडर समेत अन्य छिड़काव करती है। लेकिन यहां पर चूंकि यह ठेका कंपनी को दिया है, इसलिए नपा किसी तरह का छिडकाव नहीं कर रही है। जबकि यहां पर ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन डाल दी जाए तो यह बदबू दूर हो जाएगी। जानकारों का कहना है कि रोजाना लगभग 30 से 35 टन कचरा यहां पर शहर से निकालकर डाला जाता है। इतनी बड़ी मात्रा में दबा हुआ कचरा निकालने से इसके साथ गैस भी निकल रही है। जो हवा के साथ मिलकर वायु प्रदूषण का कारण बन रही है।

**बैठक में रखेंगे मुद्दा**


यहां के लोगों से 15 दिवस का समय मांगा है। परिषद की बैठक बुलाकर यह मुद्दा रखा जायेगा। परिषद में निर्णय के बाद ही आगे की कार्यवाही करेंगे। वैसे मैंने नपा अध्यक्ष को पत्र जारी कर उक्त समस्या के संबंध में अवगत करा दिया है।

**सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

## डंपर ने कार को मारी टक्कर वेकोलि कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



पाथाखेड़ा में सोमवार देर रात हुए सडक़ हादसे में डब्ल्यूसीएल कर्मचारी की मौत हो गई। कालीमाई और राजीव चौक तिगड्डा के बीच तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शोभापुर की क्लब कॉलोनी निवासी रवि उर्फ चंदन बिहारे (40) सोमवार रात करीब 10.30 से 11 बजे के बीच अपनी कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही सारणी पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया। मृतक चंदन बिहारे डब्ल्यूसीएल के जीएम ऑफिस में पर्सनल डिपार्टमेंट में लिपिक (क्लर्क) के पद पर तैनात थे। वे एचएमएस (॥रूस्) संगठन की जीएम ऑफिस शाखा के अध्यक्ष भी थे। मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी, जिससे हादसे के बाद पाथाखेड़ा और शोभापुर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक, चंदन का पत्नी से तलाक हो चुका था और उनके बच्चे नहीं थे। वे क्लब कॉलोनी में अपनी मां और बहन के साथ रहते थे। मंगलवार को घोड़ाडोंगरी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वार्ड 14 में डामरीकृत सड़क एवं वार्ड 15 में सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन



सारनी। पाथाखेड़ा के वार्ड 14 में डामरीकृत सडक़ एवं वार्ड 15 में सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे व अन्य अतिथियों ने किया। जल्द ही वार्ड 14 के नागरिकों को सडक़ की सुविधा मिल जाएगी। वार्ड 14 में सडक़ निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लोगों को हो रही असुविधा को देखते हुए नगर पालिका ने यहां सडक़ निर्माण की योजना तैयार की। मंजूरी मिलने के बाद नगर पालिका अब इसका निर्माण करीब 14 लाख की लागत से करेगी। साथ ही वार्ड 15 में 6 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक मंच भी बनाया जाएगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद बेबी ठाकुर, प्रीति सुरेश मानकर, संदीप झपाटे, विक्की सिंह, शैलेंद्र ठाकुर वार्ड वासियों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने दोनों ही निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कार्य की गुणवत्ता भी बेहतर होनी चाहिए। इस अवसर पर वार्ड के लोग उपस्थित थे।

## 53 हज यात्रियों को लगे टीके, मिला प्रशिक्षण

### हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं वैक्सीनेशन कैंप लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण एवं वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कोकाश लॉन, बैतूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने भाग लिया और हज के अरकानों तथा आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कोठीबाजार मस्जिद के पेश इमाम कारी जावेद चिश्ती साहब, हाफिज जुनैद, हाफिज जलाल एवं आशिक मौलाना ने हज के अरकानों, एहराम, तवाफ, सई, अराफात में वुकूफ तथा अन्य धार्मिक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने हाजियों को हज यात्रा के दौरान धैर्य, अनुशासन और परस्पर सहयोग बनाए रखने की भी सीख दी। हज कमेटी मध्य प्रदेश के अधिकृत ट्रेनर हाजी मोहम्मद अनस खान ने हज यात्रियों को यात्रा की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारत सरकार एवं सऊदी अरब सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। साथ ही हाजियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए हज पर रवाना होने से पूर्व प्रतिदिन लगभग 5 किलोमीटर पैदल चलने का अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान भी किया गया। सेवा के क्षेत्र में सेवा भारती, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में मेरे 75 कदम 75 दिन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ग्रीन टाइगर संस्थाओं के प्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर अल्लाह के मेहमानों हाजियों द्वारा स्वागत किया गया ग्रीन टाइगर ने हाजियों को पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।गौसिया मेडिकल के साजिद गौसी ने फर्स्ट एड बॉक्स हाजियों को उपहार में भेंट कर दवाईयों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर ने उपस्थित होकर सभी हाजियों का इस्तकबाल किया। भाजपा महिला नेत्री फरीदा हुसैन, नीलम वागद्रे, शबीना बी एवं एडवोकेट शबाना अली ने भी हज यात्रियों का पुष्प मालाओं एवं एहराम पहनाकर स्वागत किया।

## 10वीं के 19145 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की दी परीक्षा

बैतूल। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत मंगलवार को जिले में कक्षा 10वीं का अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 19666 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 19145 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 521 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 35 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को कक्षा 12वीं का रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यव अध्ययन, विज्ञान के तत्व कृषि, गृह प्रबंध विषय का प्रश्न पत्र 110 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम रबी 2025-26 में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ पालिसी वितरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। राज्य सरकार के आदेश अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ 2025 में बीमित कृषकों को पॉलिसी वितरण किया जाना है। इसी के तहत बैतूल में 16 फरवरी को मेरी पॉलिसी मेरे हाथ पालिसी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर आनंद कुमार बडोनिया, सहायक संचालक दीपक कुमार सरियाम, सहायक संचालक आरएस राजपूत, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के जिला प्रबंधक राकेश कुमार बैरवा एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान कृषकों को पॉलिसी का वितरण किया गया। डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर आनंद कुमार बडोनिया ने बताया कि वर्तमान रबी मौसम में जिले के 86692 किसानों द्वारा 296853 आवेदन पत्र फसल बीमा पोर्टल पर दर्ज कराए गए हैं, जिन्हें एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा फसल बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराई जाएगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा कृषकों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ई पॉलिसी प्रदान की गई है एवं कृषक स्वयं व्हाट्सएप चैट बोट के माध्यम से ई पॉलिसी डाउनलोड कर सकते हैं। फसल बीमा अंतर्गत यह पॉलिसी किसानों के लिए प्रीमियम जमा की पावती होने के साथ-साथ फसल नुकसान अंतर्गत निर्धारित बीमा दावा प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज है। रबी 2025- 26 में फसल बीमा करने वाले किसान से आग्रह है कि अपनी फसल बीमा पॉलिसी अवश्य रूप से। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर में किया जाएगा।

## बैतूल में 21 फरवरी को सजेगी संगीत की महफिल, 18 वर्षों से जारी है परंपरा

बैतूल। शब्द संस्था का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आवाज के सितारे अब अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 21 फरवरी शनिवार को रात 8 बजे से जेएच कॉलेज के मुक्त आकाश मंच पर आयोजित होने जा रही यह संगीत संध्या एक बार फिर पुराने और सदाबहार गीतों से श्रोताओं को भाव-विभोर करेगी। कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्व.विजय खंडेलवाल की स्मृति में समाज सेवा एवं प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। शब्द संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक बचले एवं राजकुमार हिरानी ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को समाज सेवा पुरस्कार तथा शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली शख्सियत को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आवाज के सितारे कार्यक्रम बीते 18 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है और बैतूल के सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। पुराने और सदाबहार गीतों से सजा यह कार्यक्रम हर वर्ष श्रोताओं द्वारा सराहा जाता रहा है। कलाकार इस बार भी पूरी मेहनत के साथ प्रस्तुति की तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि संगीत निशा पूरी तरह निशुल्क है। श्रोताओं के लिए संस्थान की ओर से जलपान की भी निशुल्क व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक संगीत प्रेमी कार्यक्रम का आनंद ले सकें। आयोजन स्थल पर महिलाओं के बैठने के लिए पृथक एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## आज भी रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना ऋण शिविर

सारनी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत ऋण शिविर का आयोजन सोमवार 16 से लगातार जारी है। दो दिनों में कई ऋण प्रकरण तैयार किए गए। नए आवास आवंटन के पंजीयन भी कराए गए। नपा परिषद सारनी में सोमवार 16 फरवरी से प्रधानमंत्री आवास योजना ऋण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नपा अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि निकाय क्षेत्र में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना में पंजीकृत ऐसे हितग्राही जिन्होंने अंशदान की राशि जमा नहीं की है एवं वे बैंक से लोन लेकर उक्त राशि जमा करना चाहते हैं शिविर में उपस्थित होकर ऋण प्रक्रिया करवा रहे हैं। दो दिनों में कई हितग्राहियों ने ऋण प्रकरण तैयार कराए है। शिविर बुधवार 18 फरवरी को भी लगाा जाएगा। शिविर में ऋण प्रक्रिया हेतु नपा द्वारा जारी आवास आवंटन पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, चैक, मोबाइल नंबर साथ लाकर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### मुख्य मार्ग पर बैठकर किया विरोध

## पार्किंग के लिए जेसीबी से हटाया अशोक स्तंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के प्रमुख चौक पर मंगलवार को नगरपालिका की टीम अशोक स्तंभ को जेसीबी से हटाकर कचरा वाहन में ले जा रही थी। यह देखकर कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और विरोध करते हुए धरने पर बैठ गए। कांग्रेस ने इसे राष्ट्रीय प्रतीक और ऐतिहासिक स्थल का अपमान बताया। देखते ही देखते चौक पर भारी भीड़ जुट गई और चक्काजाम की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही सीएमओ सतीश मटसेनिया, एसडीएम अभिजीत सिंह और तहसीलदार पूनम साहू मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति को देखते हुए तत्काल कार्रवाई रोकने के निर्देश दिए। खुदाई की गई मिट्टी को यथावत भर दिया गया। सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद ने यहां करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। उन्होंने कहा कि चौक पर मौजूद सभी स्मारकों और प्रतीकों को निर्माण कार्य के बाद यथावत स्थल पर पुन:: स्थापित किया जाएगा। वहीं एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि स्तंभ हटाने की कोई विधिवत सूचना प्रशासन या उनके कार्यालय को नहीं दी गई थी, इसलिए कार्रवाई को तत्काल रोक दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को जनभावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान के खिलाफ बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई रोकने के बाद धरना और चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। बताया जाता है कि इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व है। यहां स्वतंत्रता संग्राम के बाद अशोक स्तंभ स्थापित किया गया था। वर्षों पहले इसी चौक पर भूमिपूजन के समय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृति भी जुड़ी है। इसी कारण लोग इस जगह को प्रतीकात्मक और भावनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि ऐसे ऐतिहासिक स्थल को हटाना या बदलना नगर के इतिहास और भावना दोनों के प्रति असम्मान है।

## शिवाजी ग्राउंड में आयोजित हुआ संकल्प से समाधान अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

संकल्प से समाधान अभियान के तहत मंगलवार 17 फरवरी को शिवाजी ग्राउंड में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के कई आवेदन आए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार शिवाजी ग्राउंड में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद किरण झरबड़े, ज्योति हेमराज नागले, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, निधि मेरावी, पुष्पा चिल्हाटे, रामअवतार नागले, पप्पी अश्वारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक वर्ष में सतपुड़ा गुरुकुलम कोचिंग का उत्कृष्ट रहा परिणाम

### आस्था जायसवाल ने जे.ई.ई.-मेंस 2026 में प्राप्त किए 99.25 पर्सेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




डागा ग्रुप द्वारा संचालित जिले की अग्रणी कोचिंग संस्था सतपुड़ा गुरुकुलम के विद्यार्थियों ने एनटीए द्वारा घोषित जे.ई.ई.-मेंस सेशन-1 (2026) के परिणामों में बैतूल जिले को गौरवान्वित किया।

सतपुड़ा गुरुकुलम की छात्रा कुमारी आस्था जायसवाल पिता संदीप जायसवाल ने 99.25 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में संस्था के छात्र-छात्राओं ओम दभाके पिता कैलाश दभाके, एंजेल मानकर पिता तरुण मानकर, अनन्या मानकर पिता दिनेश मानकर, स्वप्निल जायसवाल पिता सुनील जायसवाल, सुमेधा सुनारिया पिता सुनील सुनारिया, प्रतीक विजयकर पिता शैलेन्द्र विजयकर, दर्शित नावांगे पिता लीलाधर नावांगे, तनिष्का पानकर पिता विजय कुमार पानकर एवं हर्ष भूमरकर पिता अशोक कुमार भूमरकर ने भी उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर सम्पूर्ण सतपुड़ा परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा द्वारा अपने संबोधन में कहा कि, जब हम सब हम बनकर कार्य करते हैं, तो टीम हमेशा कमाल करती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैतूल के विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य एवं श्रेष्ठ परिणाम संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगी। ज्ञात हो कि सतपुड़ा गुरुकुलम कोचिंग संस्था की स्थापना 28 अप्रैल 2025 को डागा परिवार द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संकल्प के साथ की गई थी। अल्प समय में ही यह संकल्प साकार होता हुआ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जो संस्था की प्रतिबद्धता, समर्पण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। गुरुकुलम कोचिंग के संचालक धीरज सिंह ने संस्था पर विश्वास बनाए रखने के लिए पालकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या ऋतु बाजपेयी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, गुरुकुलम कोचिंग क्लासेस से विमल पटेल, कृष्ण मोहन शर्मा, अजीत सिंह, प्रदीप सोनी, सूरज मिश्रा, पुनीत बरमासे, अक्षत मिश्रा, अनीता सिंह, विक्रांत वर्मा एवं पलक सातनकर ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

खबर संक्षेप

### पंचतत्व में विलीन हुए शिक्षाविद और साहित्यकार



**नर्मदापुरम।** साहित्यकार और शिक्षाविद हरगोविंद शर्मा पंचतत्व में विलीन हुए। उनका सोमवार को निधन हो गया था। वे चंद्रशेखर शर्मा, शशिशेखर शर्मा, स्व. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. संतोष शर्मा के पूज्य पिताजी थे और आशुतोष, अनिमेष, अभिषेक,अनुराग के दादाजी थे। टिमरनी नगर के प्रख्यात साहित्यकार व शिक्षाविद हरगोविंद शर्मा की अंतिम यात्रा निज निवास तुलसी कुंज पुरानी नगर पालिका के सामने से टिमरनी मुक्तिधाम पहुंची थी। उनके निधन पर मित्रों, परिजनों, रिश्तेदारों सहित विशिष्टजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने भगवान से प्रार्थना की।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** फरवरी माह और आगामी माह में आने वाले पर्वो / त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक 18 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय में होगी।

परिवहन, खनिज एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

# वार्षिक राजस्व लक्ष्य के लिए हर संभव पूर्ति करना सुनिश्चित करें: कमिश्नर

कमिश्नर ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस में संभाग के कलेक्टर्स को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिसमें असमय बारिश से फसल क्षति का सर्वे, राजस्व लक्ष्य की वसूली व स्कूल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



असमय बारिश से कई जगह फसल क्षति हुई है सभी कलेक्टर प्राथमिकता से सर्वे दल भेज कर फसल क्षति का सर्वे कराकर, फसल क्षति का आकलन करें एवं शासन के नियम अनुसार प्रभावितों को राहत राशि देना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में संभाग के नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा जिले के कलेक्टर को दिए। कमिश्नर ने तत संबंध में सभी कलेक्टर से सर्वे दल के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली। कमिश्नर ने निर्देश दिए की खनिज, परिवहन, पंजीयन एवं स्टांम्प तथा राजस्व विभाग शासन द्वारा दिए गए वार्षिक राजस्व लक्ष्य की हर संभव पूर्ति करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि यह सभी विभाग इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक दिए गए राजस्व लक्ष्य की शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने इस बात पर सख्त नाराजगी जाहिर की की अब तक परिवहन, खनिज पंजीयन एवं स्टांम्प तथा राजस्व विभाग अपने दिए गए लक्ष्य की वसूली करने में पीछे है। उन्होंने राजस्व लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाओं के दौरान अनिवार्य रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं सुचारू एवं सफल तरीके से संचालित की जाए। नकल के प्रकरणों में प्रभावी अंकुश लगाया जाए एवं इस दौरान उड़न दस्ता दल लगातार सक्रिय रहे। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर से कहा कि वह अपने जिले अपने जिले की आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों का भी सतत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें एवं निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीप भी अनिवार्य रूप से अंकित करें।

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर से आवश्यक जानकारी ली। बताया गया कि कलस्टर आधारित शिविर अब आयोजित किए जाएंगे, उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं बैतूल में 73 हजार 182, नर्मदापुरम में 34 हजार 910, हरदा में 30 हजार 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैतूल में अब तक 66 प्रतिशत नर्मदापुरम में 64 प्रतिशत हरदा में 39 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया है। सभी कलेक्टर्स द्वारा बताया गया कि सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के सभी अमलो की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ही लगाई जाएगी। सभी को हमारे शिक्षक एप में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। हमारे शिक्षक एप में उपस्थित के आधार पर ही वेतन सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व प्रकरण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने नामांतरण, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती करण, भूमि आवंटन, बंटवारा, फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरण को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए की सभी निराकृत प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर भी अपलोड किए जाएं। कमिश्नर ने भूमि आवंटन के उन प्रकरणों की जो 2 से 5 वर्ष तक एवं 1 से 2 वर्ष तक की अवधि के लंबित है उनकी समीक्षा की।

# विवाहिता से की पति, सास ससुर और देवर ने मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के ग्राम लांघा बम्होरी में एक विवाहिता के साथ ससुराल में मारपीट की गई है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज की गई है। महिला से सास, ससुर, पति व देवर ने मारपीट की।

रिपोर्ट अनुसार फरियादी लाड़ली कुशवाहा पति धर्मेन्द्र कुशवाहा उम्र 19 साल निवासी लांघा बम्होरी थाना सोहागपुर ने पिता महेन्द्र कुशवाहा एवं मामा दिनेश के साथ थाने जाकर रिपोर्ट की है। रिपोर्ट के अनुसार फरियादिया की शादी एक वर्ष पहले धर्मेन्द्र कुशवाहा निवासी लांघा बम्होरी के साथ हुई थी, जिससे एक बेटी है। 15 फरवरी की रात्रि करीबन 10.30 बजे फरियादिया ने मोबाईल पर अपने पिता से बात की थी। इसी बात को लेकर सास सहोदरा बाई गालियां देकर बोली कि तूने घर खराब कर दिया है, कल तेरे बाप को बुला उनसे बात करेंगे। तभी पति धर्मेन्द आया व गंदी गालियां देकर बोला कि तू मेरी मां से बहस कर रही है। पति ने बाल पकड़कर मारपीट की। देवर उमेश उर्फ सोनू कुशवाहा और ससुर हरीसिंह कुशवाहा भी आ गये और सभी ने मारपीट की। जिससे महिला को बांये हाथ की भुजा, नाक पर, दाहिने हाथ के कंधे में, कमर में, बांयी जांघ में, कूल्हे में चोटें हैं। मारपीट कर सभी ने लाड़ली को कहा कि यदि यह बात परिवार वालों को बताई तो जान से खतम कर देंगे। फिर लाड़ली ने घटना की जानकारी पिता एवं मामा को दी तथा 16 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की है।

### पट्टा सर्वेक्षण की अंतिम सूची जारी

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शहर के भूमिहीन परिवारों को मालिकाना हक दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। 'मध्य प्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टा धृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984' के अंतर्गत किए गए सर्वेक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर, अब अंतिम सूची आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक कर दी गई है। वहीं अधिनियमः म.प्र. नगरीय क्षेत्र भूमिहीन व्यक्ति अधिनियम 1984। प्रक्रियाः प्रारंभिक सूची पर प्राप्त दावों और आपत्तियों के निराकरण के बाद अब अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है आदि को देख सकेगें। यह सूची उन पात्र व्यक्तियों के लिए है जो लंबे समय से नगरीय क्षेत्र में निवास कर रहे हैं और पट्टा अधिकार मिलने का इंतजार कर रहे थे। सूची चस्पा होने से अब पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# नप ने बनाई सड़क, लेकिन नाली नहीं बनाए जाने से परेशान सरदार वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर के सरदार वार्ड में नप ने सीसी रोड बनाई है। लेकिन पक्की नाली नहीं बनाई गई है। जिसके कारण निस्तार का गंदा पानी घरों के आसपास जमा हो रहा है। जिसकी लिखित शिकायत गत दिनों की गई है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता गोपाल सराठे ने बताया कि वे सरदार वार्ड के निवासी हैं। जहां छह माह पूर्व नप सोहागपुर ने सीसी रोड बनाई गए है। लेकिन सीसी रोड से लगकर पक्की नाली नहीं बनाई गई, जिसके कारण घरों का गंदा पानी घरों के आसपास ही जमा हो रहा है। जिससे बदबूदार गंदगी बढ़ रही है तथा जहरीले जीव घरों के आसपास भटकते देखे जा रहे हैं। सरदार वार्डवासियों ने बताया कि लंबे समय से गंदा पानी घरों के आसपास जमा हो रहा है एवं यह गंदा पानी दीवारों में नमी के रूप में बैठ रहा है। कई घरों में गंदे पानी की नमी से फर्श तक गीली होने लगी है। साथ ही सर्प जैसे जहरीले जीव घरों में घुस रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि पार्षद को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण सड़क नहीं बनाने की जानकारी भी वार्डवासियों ने मीडिया को दी है।

### कल शिवाजी जयंती पर निकलेगी बाइक रैली

**इटारसी।** हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर शहर में भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर 19 फरवरी, गुरुवार को स्वराज्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश जाधव ने बताया कि महाराज के गौरवशाली इतिहास और उनके प्रेरणादायी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली जा रही है। रैली का शुभारंभ दोपहर 12 बजे सरदार पटेल सतरास्ता एमजीएम कॉलेज के पास से होगा। समिति ने शहर के सभी शिव-प्रेमियों और नागरिकों से इस आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# प्रोटेक्शन एक्ट: वकीलों ने मृत अधिवक्ता के परिजनों को तत्काल एक करोड़ की सहायता देने की रखी मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शिवपुरी जिले में अधिवक्ता संजय सक्सेना की 14 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वो यूनिफॉर्म में कोर्ट जा रहे थे। घटना से अधिवक्ताओ में आक्रोश है एवं सोमवार को शहर सोहागपुर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को आवेदन सौंपा है। सोहागपुर अधिवक्ता संघ सचिव संजय तिवारी तथा शिवकुमार पटेल ने बताया कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए राज्यपाल मप्र के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सोहागपुर को सौंपा है। जिसमें मांग है कि मृत अधिवक्ता संजय सक्सेना के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाया जाए, उसके परिवार के लोगों को सरकारी नौकरी दी जाए, हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए एवं मप्र में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। आवेदन अनुसार यदि एडवोकेट प्रोडक्शन एक्ट लागू नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अधिवक्तागण मंगल सिंह रघुवंशी, ब्रजकिशोर शर्मा, जेपी माहेश्वरी, शिरीष तिवारी, शंकर मालवीय, सचिव संजय तिवारी, सह सचिव शिवकुमार पटेल, कोषाध्यक्ष सतीश नामदेव, महेश पचौरी, नीरज शर्मा, रामेश्वर कहार, अखिलेश मालवीय, विक्रम रघुवंशी, संदीप रघुवंशी, अख्तर खान, राजू सनकत, अमर सिंह, जय भानु चंदेल, पोहप सिंह रघुवंशी, चंदू राजपूत, नाज़नीन खान, सुनील कसेरा, मुकेश अहिरवार, ललित कहार, नौशीन खान, मोहम्मद तारिक एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ के सचिव संजय तिवारी का कहना है कि अधिवक्ता संघ सोहागपुर ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग की है। इसके अलावा मृतक अधिवक्ता साथी के बालिग परिजन को शासकीय नौकरी देने व परिवार की सुरक्षा के लिये तत्काल एक करोड़ रुपये देने की भी मांग की है।

# वर्धमान फैब्रिक्स मेले में 79 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नपा ऑडिटोरियम इटारसी मे वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी और नगर पालिका परिषद, इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेला युवाओं के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। इस मेले के माध्यम से 79 युवक-युवतियों को आत्मनिर्भरता की नई राह मिली है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मेले में कुल 156 आवेदकों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 79 योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया। चयनित युवाओं को पहले 3 माह की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसके बाद कार्यकुशलता के आधार पर नियमित नियुक्ति मिलेगी। प्रारंभिक वेतन 12,150 रुपए प्रति माह तय किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को 18 फरवरी सुबह 9 बजे कंपनी परिसर बुधनी में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि बेटे-बेटियों का आत्मनिर्भर होना पूरे परिवार की प्रगति का आधार है। वर्धमान फैब्रिक्स का यह कदम शहर के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"वर्धमान फैब्रिक्स की ओर से अजय मालवीय आई आर विभाग, आरपी शर्मा, सुनील लिटोरिया, प्रीति जाटव और भाव्या खरे ने चयन प्रक्रिया संपन्न की। वहीं, नगरपालिका की टीम से कमलकांत बढ़गोती, जगदीश पटेल और अधिवक्ता आशीष मालवीय का विशेष सहयोग रहा।

### तैलिक साहू समाज के संविधान में संशोधन, रमेश के साहू समिति में

**इटारसी।** अभा तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय संगठन को और सुदृढ़ बनाने के लिए इसके संविधान में संशोधन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता ने लखनऊ में एक उच्च स्तरीय 3 सदस्यीय संविधान संशोधन समिति का गठन किया है। इस समिति में समाज के अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति में डॉ. सियाराम साहू, जो राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष और पूर्व संसदीय सचिव/विधायक, रायपुर हैं, रमेश के. साहू और डॉ. प्रकाश सेठ को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य रमेश के. साहू ने बताया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके तहत वे समाज के प्रबुद्धजनों से विचार-विमर्श कर रहे हैं और समाज हित में संविधान को और प्रभावी बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से लिखित सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

# गार्डन के संचालकों ने पार्किंग स्थल नहीं बनाए, आमजनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र और नगर पालिका परिषद क्षेत्र में गार्डन और रिसोर्ट में आयोजित होने वैवाहिक कार्यक्रमों से राहगीर परेशान है। क्योंकि वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान सड़के वाहनों की पार्किंग स्थल बन जाती है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। जबकि आसपास विद्यालय भी मौजूद है जिसके कारण वाहन चालकों के द्वारा मुख्य मार्ग पर ही खड़े कर दिए गए हैं। आदमी पैदल ही नही चल पा रहा है। तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने सभी को नोटिस जारी किया है। फिर भी कोई जबाब नहीं प्रस्तुत किया गया। ना ही कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहन चालकों ने खड़े किए हैं, पर समाधान नहीं हुआ है। डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है। फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ना ही होटल रिसोर्ट गार्डन संचालकों के द्वारा कोई टेक्स भी जमा नहीं किया गया है। एक कार्यक्रम के 1 से 2 लाख तक लिए जा रहे हैं। लेकिन पंचायत में राशि जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में लगातार नजर रखी जा रही है। जनता परेशान हैं। वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत में राशि जमा की जाती है। पार्किंग स्थल की व्यवस्था भी शीघ्र की जा रही है। तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी ने बताया कि पूर्व में सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। यदि पार्किंग स्थल नहीं बनाएं तो आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय पटवा (सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय टिमरनी) ने अर्थशास्त्र की दैनिक जीवन में उपयोगिता और रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विषयों पर प्रस्तुति दी, जैसे राजकोषीय नीति, वित्तीय प्रशासन, बाजार पर मांग के प्रभाव, और उत्पादन फलन। कार्यक्रम में डॉ. मोहन सिंह गुर्जर (विभागाध्यक्ष) ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी और उन्हें उच्च मानकों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। प्रेम नारायण परते और अभिषेक गोलाईत ने प्रभावी प्रस्तुति के टिप्स दिए। इस आयोजन में महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, और कुल 30 विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।

वीबी-जी रामजी योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर बताया

# ग्राम बिछुआ में की वीबी-जी राम जी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर विधानसभा के सोहागपुर भाजपा मंडल क्षेत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 अर्थात वीबी-जी राम जी के संबंध में बैठकों का सतत आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम बिछुआ में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने की। इस अवसर पर वीबी-जी राम जी अभियान जिला सह संयोजक भगवान सिंह पटेल, मंडल प्रभारी अभिनव पालीवाल, मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, रामकुमार पटेल, तुलसीराम भलावी, कंछेदी उईके, योगेश, राजेंद्र उईके, राकेश कुमार, सुन्दर पुनाराम, टेकराम, विजेंद्र धुर्वे, जितेंद्र टेकराम, विष्णु प्रसाद, राजाराम धुर्वे एवं गौरव धनसिंह की सक्रिय भागीदारी रही।

### बताए लक्ष्य

बैठक में वीबी-जी रामजी योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करना तथा महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे ग्राम स्तर पर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करें और उन्हें योजना से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। चर्चा में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# वार्ड 18 में अटल बाल पालक के सहयोग से गूंजी किलकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना इटारसी के सेक्टर 4 के अंतर्गत, 17 फरवरी को वार्ड 18, केंद्र क्रमांक 132 में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अटल बाल पालक राखी दुबे के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने माताओं को समझाइश दी कि 6 माह के बाद मां के दूध के साथ 'ऊपरी आहार' की शुरुआत करना अनिवार्य है, क्योंकि कुपोषण की नींव अक्सर इसी उम्र से पड़ती है। इस दौरान बच्चों के भोजन में पोषक तत्वों और विविधता को शामिल करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 'लालन-पालन' से संबंधित शिक्षाप्रद वीडियो दिखाए गए। साथ ही, उपस्थित दादी-नानियों ने बच्चों की देखरेख के अपने पारंपरिक अनुभव साझा किए। केंद्र में मौजूद नन्हे बच्चों का विधि-विधान से अन्नप्राशन कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधा मालवीय, आरती राजपूत, शीला बढ़गोत्री, कल्पना पटेल, भारती सैनी, रजनी बान सहित सहायिका ललिता मस्की, मीना लोगरे और क्षेत्र की धात्री व गर्भवती महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# एसटीआर में किसान सुरक्षा का ध्यान, फेसिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ग्राम पंचायत जो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आते हैं। वहां के किसानों को सुरक्षा बढ़ाई गई है। सहायक संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व संजीव शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में किसानों की फसल की सुरक्षा को लेकर एक साथ फैंसिंग कराई गई है। जिसका काम किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पिसुआ मैली, चन्दन पिपरिया, पाठई सहित अनेक गांवों में लगभग 40 किलोमीटर के एरिया में लगातार फैंसिंग कराई जा रही है। पचमढ़ी के अधीन आने वाले गांव में किसानों की फसल को लेकर अभी यह कदम उठाया गया है। किसानों की फसल को जंगली सूअर नीलगाय चीतल सांभर आदि अनेक जंगल के जानवर नुक्सान पहुंचा दिया करते थे। जिसके कारण मटकुली के आसपास जहां टेकापार आदि में फसल को नुक्सान पहुंचा दिया करते थे। कभी भी जंगली जानवर शेर भी अटेक कर देते हैं। इसलिए फ्लाइंग स्क्वॉड एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री मारुके द्वारा अच्छा कार्य किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत टिमरनी में स्क्रीनिंग शिविर आज

**हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्टीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु जिम्मेदारी दी गई है।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को लगेगी

**हरदा।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### कर्मचारी की बाइक चोरी

**हरदा।** एक रेलवे कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। यह घटना सोमवार को रेलवे कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर के पास हुई, जहां कर्मचारी भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने गया था। सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शुक्ला कॉलोनी निवासी रेलवे विभाग के ट्रैक मेंटेनर रघुवीर ओनकर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी लाल रंग की बाइक मंदिर के पास खड़ी थी। भोजन करने के बाद जब रघुवीर ओनकर वापस लौटे, तो उन्हें अपनी बाइक गायब मिली। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक युवक उनकी बाइक ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### कलेक्टर-एसपी ने देखी महोत्सव की व्यवस्थाएं

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम पर 14 से 20 फरवरी तक रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रख रहे हैं और समय-समय पर प्रतिदिन निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्थाओं में कोई समस्या आती है तो वरिष्ठ अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर त्वरित समाधान किया जाए।

## बालक और बालिकाओं को बताया गुड और बेड टच

# बाल विवाह मुक्त भारत में विद्यार्थियों को दी बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2026 के अंतर्गत हरदा जिले के पिनेकल स्कूल हरदा एवं ज्ञान गंगा हाई स्कूल हरदा में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे जी के नेतृत्व में बालक बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों व गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। इस दौरान चाइल्ड लाइन से दिव्या राजपूत ने विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में समझाया। उन्होने इस दौरान बताया कि यदि बालक की उम्र 21 तथा बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम है और बालक या बालिका का विवाह हो रहा हो तो वह बाल विवाह कहलाता है। उन्होने बताया कि बाल विवाह से बाल विवाह करने वाले बालक व बालिका की शिक्षा रुक जाती है, घरेलू हिंसा के मामले बढ़ जाते है, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ खराब होता है तथा जीवन जीने के अवसर कम हों जाते है। साथ ही उन्हें ऐसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाइल्ड लाइन से शुभम् धार्मिक ने बताया कि बालश्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे शिक्षा का अधिकार छिन जाता है। वे कुपोषण और गंभीर बीमारियों का शिकार बनते हैं तथा खतरनाक स्थितियों में काम करने के कारण शारीरिक शोषण व मृत्यु का खतरा रहता है। यह गरीबी के दुष्कर्म को बढ़ाता है और बचपन का हनन करता है।

इस दौरान रविराज राजपूत ने बच्चों को बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 चाइल्ड लाइन का टोल-फ्री, आपातकालीन फोन नंबर है, जो भारत में मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए चौबीस घंटे काम करता है। यह महिला और बाल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है, जिसे कोई भी बच्चा या अन्य व्यक्ति आपातकालीन सहायता जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, या शोषण के लिए डायल कर सकता है। उन्होने बताया कि चाइल्डहेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य संकट में फंसे बच्चों को तुरंत सहायता, सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करना है। इसमें मेडिकल, आश्रय, कानूनी सहायता और भावनात्मक मार्गदर्शन शामिल हो सकता है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से आशीष जोशी एवं स्कूल डायरेक्टर अब्दुल सईद, प्राचार्य प्रियंका तोमर, अर्जुनसिंह चौहान सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### भारत विस्तार एआई डिजिटल प्लेटफार्म का सीधा प्रसारण दिखाया



**हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र हरदा में मंगलवार को किसानों के लिए भारत विस्तार एआई डिजिटल प्लेटफॉर्म का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि बुधवार को केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्गापुरा, जयपुर (राजस्थान) से आयोजित राष्ट्रीय लाइव कार्यक्रम में डिजिटलीकरण हेतु चार महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया। विकसित किसान, सशक्त भारत के तहत उन्होंने बताया कि ह्यभारत विस्तार ऐपह्न- कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डिजिटल सलाहकार भारती एआई जो किसानों को फसल प्रबंधन, कीट-रोग निदान, पशुपालन सलाह, वैज्ञानिक सलाह, मौसम आधारित सुझाव, मंडी भाव, बीमा सलाह एवं बाजार संबंधी जानकारी प्रदान करेगा। किसान भाई मोबाईल एप के माध्यम से, वेबसाइट पर अथवा टोल फ्री नम्बर 155261 पर कॉल करके हिंदी या अंग्रेजी दोनों भाषा में बात कर सकते है। इसके माध्यम से सही जानकारी सही समय पर सीधे किसानों को जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। ऐप के साथ एआई हैकार्थान, एग्री कोश एवं ए.आई. रोडमैप का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय व राज्य कृषि मंत्रालय, आईसीएआर एवं एनआईएएम के साथ साथ कृषि विज्ञान केंद्र ऑनलाइन रूप से सहभागी बने। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र हरदा की केंद्र प्रमुख, वैज्ञानिक, तकनीकी स्टाफ, कृषक एवं कृषक महिलाएं, और ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के लिये कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा से आए रावे छात्र सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## संबंधितों को निर्देश किए जारी

# जनसुनवाई में सुनी कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में सिराली निवासी अशोक ने धारणाधीकारी योजना के तहत पट्टा प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक को पात्रता अनुसार पट्टा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में छीपानेर निवासी ओमप्रकाश ने अपनी भूमि के खसरे को ऑनलाइन कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

ग्राम रहटगांव निवासी जगदीश गौर ने अपनी भूमि का सीमांकन कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में किसानों ने हंडिया माइनर में सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम केलनपुर निवासी द्वारकाबाई ने दुर्घटना में अपने पति के निधन के बाद आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर श्रम पदाधिकारी हरदा को आवेदिका पात्रता अनुसार आर्थिक सहायता के निर्देश दिए गए।

# हरदा नगरपालिका को मिली कर संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रोत्साहन राशि

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2.20 करोड़ की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना क्रमांक 6602 के अंतर्गत स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2.20 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्य प्रदेश द्वारा राज्य स्तर पर गठित विशेषज्ञ समिति ने निर्धारित कड़े मानदंडों और मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश की 10 नगरपालिकाओं और 10 नगर परिषदों का चयन किया है। चयनित नगरपालिकाओं में खरगोन, सीहोर, मंदसौर, विदिशा, बैतूल, हरदा, बालाघाट, पांढुरना, बड़वानी एवं झाबुआ सम्मिलित हैं। इसी प्रकार, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नगर परिषदों में महेश्वर, बदनावर, राऊ, कसरावद, निवाड़ी, मुंदी, सैलाना, बिरसिंहपुर, पिपल्या मण्डी एवं सुवासरा को स्थान मिला है।

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि चयनित नगरीय निकायों को पूर्व में प्रोत्साहन राशि की प्रथम किस्त के रूप में 55 लाख रूपये की राशि वितरित की जा चुकी है। इसी श्रृंखला में, योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु उपलब्ध शेष 55 लाख रूपये की राशि अब द्वितीय किस्त के रूप में संबंधित चयनित नगरीय निकायों को जारी की जा रही है। इस प्रोत्साहन राशि का मुख्य उद्देश्य नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना और कर संग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं दक्षता लाना है।

# जैविक कृषि प्रोत्साहित करेंगी स्व-सहायता समूह महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला हरदा अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हरदा में सोमवार को आजीविका स्व-सहायता समूहों को जैविक उत्पाद निर्माण, जैविक खेती व मार्केट लिंकेज के संबंध में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा, जैविक उत्पाद प्रसंस्करण की समझ विकसित करना एवं मार्केट उपलब्ध कराने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

इस कार्यक्रम में आजीविका स्व-सहायता समूह के तीनो विकासखंडों से अलग-अलग ग्रामों के अलग-अलग स्व-सहायता समूहों से 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में कृषि सखी, बीज सखी, पशु सखी एवं जैविक खेती करने हेतु इच्छुक किसान ने भाग लिया। जिले के मास्ट्रर ट्रेनर जयनारायण राय द्वारा इन महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ, वरिष्ठ कृषि विज्ञानिक डॉ. संध्या मुरे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. भारती, उद्यानिकी विभाग से योगेश तिवारी, आरसेटी प्रमुख दिनेश शाक्या व सुरेश धनगर, आजीविका मिशन से राधेश्याम जाट, शैलू सिंह चन्देल एवं अभिजीत मिश्रा तथा देवीसिंह तेकाम भी उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जोसेफ ने उपस्थित प्रतिभागियो से जैविक खेती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान जैविक खेती के लाभ/हानि एवं प्रशासनिक स्तर पर किये जा रहे प्रयास पर चर्चा की गई एवं सभी उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जैविक खेती पर स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को मार्गदर्शन दिया गया तथा शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं के संबंध में उपस्थित किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

# शांतिपूर्ण हो रही परीक्षाएं, हाई स्कूल के 1116 व हाई सेकंडरी के 486 छात्र-छात्राएं शामिल

**झिरन्या।** इन दिनों अंचल में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 6 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षाएं हो रही है। जिसमें हाई स्कूल के 1116 एवं हाई सेकेंडरी के 486 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहें हैं। वहीं नक़ल रोकने के लिए उड़न दस्ता निरंतर निगरानी रख रहा है। यह जानकारी, बीइओ प्रभात परमार्थी ने देते हुए बताया कि कक्षा दसवीं में 475 बालक एवं 441 बालिकाएं और कक्षा 12वीं में 217 बालक एवं 279 बालिकाएं परीक्षा दे रहें हैं। स्थानीय शा.उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय में 271 प्राइवेट छात्र-छात्राएं शामिल हो रहें हैं। जबकि नजदीकी पुलिस थाने या चौकी में प्रश्न-पत्र रखे गए हैं,जिन्हें 1 घंटा पूर्व पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा-केन्द्रों तक पहुंचाया जा रहा है।कलेक्टर प्रतिनिधि के मार्गदर्शन एवं उनकी उपस्थिति सुचारू रूप से परीक्षाएं संचालित हो रही है। वहीं सीसीटीवी कैमरे से भी परीक्षा-केन्द्रों की निगरानी की जा रही है। जबकि जिले से पर्यवेक्षकों को पदस्थ किया गया है,जो परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक सतर्कता बरत रहें हैं। वहीं जिले से दो निरीक्षण दल गठित किये गए हैं,परीक्षा-केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर रहें हैं। इनमें मुन्ना अड़ तहसीलदार एवं दल प्रमुख और सदस्यों में आर.डी.अम्ब प्राचार्य.राघवेन्द्र जोशी बीआरसी हैं।

# हरदा में यातायात नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, कई वाहनों से वसूला जुर्माना

**हरदा।** जिले में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार संचालित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान अधिकारियों ने बसों और डंपरों सहित कई वाहनों को रोका तथा उनके दस्तावेज एवं उपकरणों की जांच की। इस दौरान कुछ वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे पाए गए, जो मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है। ऐसे वाहनों से मौके पर ही प्रेशर हॉर्न निकलवाए गए तथा संबंधित वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 5000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और अनधिकृत उपकरणों का उपयोग न करने की अपील की गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 को

**हरदा।** जिला पंचायत हरदा की सामान्य सभा की बैठक 23 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह द्वारा की जाएगी।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी सीजन 2025-26 में बीमित कृषकों को फसल बीमा पॉलिसी वितरण हेतु मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कार्यालय उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, हरदा के सभाकक्ष किया गया। कार्यक्रम में किसानों की उपस्थिति में केक काटकर, किसानों को फसल बीमा पॉलिसी वितरित की गई। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने किसानों को नरवाई प्रबंधन हेतु उन्नत कृषि यंत्र सुपरसीडर, रोटावेटर, मल्चर आदि यंत्रों से नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उड़द, तिल, मूंगफली को लगाने तथा ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण एवं मृदा स्वास्थ कार्ड की अनुशंसा अनुसार उर्वरक उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने फसल बीमा के संबंध में विस्तार से समझाया गया। श्री कास्दे ने बताया कि किसानों को फसल बीमा पॉलिसी का वितरण प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि विस्तार अधिकारी एवं बीमा कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

# सीएमएचओ ने किया दस्तक अभियान का शुभारंभ



**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लिनिक हरदा में बच्चो को विटामिन ए की दवा पिलाकर 17 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक संचालित दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के लगभग सभी 59434 बच्चों को विटामिन ए को खुराक प्रोटोकॉल अनुसार पिलाई जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित एनीमिक बच्चों का फालोअप भी किया जावेगा। जिले के प्रत्येक ग्राम में नियमित टीकाकरण के दौरान ए.एन.एम द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयु अनुरूप विटामिन ए घोल की खुराक पिलाई जावेगी। नियमित टीकाकरण के दिन छूटे हुऐ बच्चों को अगले दिन मॉप-अप दिवस में घर-घर जाकर अथवा आंगनवाडी केन्द्र में एकत्र कर दवा पिलाई जावेगी। शुभारंभ अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे. एस. कुशवाह, संजीवनी क्लिनिक के चिकित्सा अधिकारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मदन मोहन मालवीय, शहरी आशा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# 15 करोड़ के सीवेज-2.0 कार्य नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के बढियाखेड़ी के पश्चात अब मंडी क्षेत्र में भी करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सीवेज कार्य का भूमि पूजन का श्री गणेश किया।

सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मंडी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रवासी से कराते हुए कहाकि कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए। इसके अलावा जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पार्षद विशाल राठौर, दिलीप राठौर, मुकेश मेवाड़ा, सपना मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, राहुल राय आदि शामिल थे। गौरतलब है कि शहर के बढ़यािखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है।



# अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव और सदस्यों और महिलाओं को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

लायन्स क्लब झिरन्या के संस्थापन समारोह में शपथ अधिकारी लायन कुलभुषण मित्तल द्वारा अध्यक्ष ला.मुकेश श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इनमें लायन सदस्यों सहित तीन महिलाओं में मंगला डावर,शीला गंगराडे, राधा वास्कले ने भी शपथ ग्रहण की। सर्वप्रथम राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर ला.परवीन्दरसिह भाटिया, पी.डी.जी ला.निर्मल जैन, मुरली अरोरा, रीजन चैयरमेन राजीव मालवीय, झोन चैयरमेन अणिमा उबेजा, भीकनगांव लायन्स क्लब के ला. पवन चौबे, ला.अरविन्द जैन, ला.हिमांशु अत्रे, ला. संतोष व्यास उपस्थित थे। लायन रिंकू भाटिया ने बताया कि सभी सदस्यों को क्लब का चार्टर,नियुक्ति पत्र एवं और डिस्ट्रिक पिन डिस्ट्रिक पिन प्रदान कर,गणमान्यजनों का अभिनन्दन भी किया।